तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



2 अब शादी-विवाह में कैटरर्स को भी करानी होगी डेयरी उत्पादों की जांच




## खबर संक्षेप

### हल्की बारिश से मौसम में ठंडक बढ़ी

**सोनहत।** मुख्यालय सोनहत सहित आसपास के गांवों में 3 फरवरी को शाम करीब 4 बजे से कुछ देर तक हल्की बारिश हुई। इससे मौसम में ठंडक बढ़ गई। बारिश के साथ चली हल्की हवाओं के कारण शाम होते ही ठंड का असर तेज हो गया और लोग ठंड से बचाव के लिए अलाव व गर्म कपड़ों की तैयारी करते नजर आए। बीते कुछ दिनों से मौसम में हल्की गर्मी के संकेत मिलने लगे थे, लेकिन अचानक हुई इस बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दिनों में ठंडक का असर बना रह सकता है। हालांकि बारिश की मात्रा कम रही, फिर भी किसानों ने इसे वर्तमान फसलों के लिए लाभकारी बताया है। विशेष रूप से गेहूं सहित रबी फसलों के लिए यह हल्की बारिश उपयोगी मानी जा रही है।

### समय-सीमा की बैठक में प्रशासनिक कसावट

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट और कड़े शब्दों में संदेश दिया कि शासन की प्राथमिकताओं से जुड़े कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही, शिथिलता या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिले के समस्त विभागों के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को चेताया कि अब केवल फाइलों की कार्रवाई नहीं, बल्कि आम जनता को वास्तविक और समयबद्ध समाधान दिखाई देना चाहिए। कलेक्टर ने भू-अभिलेख, शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुष, उद्यानिकी, लोक निर्माण विभाग, हाउसिंग बोर्ड, सहकारी संस्थाओं और नगर निकायों से संबंधित भूमि चिन्हांकन व आवंटन के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### 8 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** प्राकृतिक आपदा राहत योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में खड़गवां तहसील के दो प्रकरणों में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर से जारी राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान 1 दिसंबर 2022 के अनुसार इन घटनाओं को प्राकृतिक आपदा मानते हुए पीड़ित परिवारों को अनुग्रह सहायता प्रदान की गई है।

### ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 6 को

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मनेन्द्रगढ़ में 6 फरवरी को ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्था द्वारा विभिन्न तकनीकी पदों पर चयन की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओपन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी, विशेष रूप से विद्युतकार, फिटर, मैकेनिक डीजल एवं वेल्डर ट्रेड से प्रशिक्षित युवा भाग ले सकेंगे।

### चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान 1 दिसंबर 2022 के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। उक्त प्रावधानों के अनुसार राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका 6 (क) (1) के तहत मनेन्द्रगढ़ तहसील में आकाशीय बिजली से हुई महिला की मृत्यु के प्रकरण में परिजन को आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ तहसील के चैनपुर निवासी स्वर्गीय मानमती यादव पति कन्हैया यादव की 21 मार्च को आकाशीय बिजली गिरने से आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवार को राहत प्रदान करते हुए शासन द्वारा कुल चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि मृतिका के वैध वारिसों के बैंक खातों में प्रदान की जाएगी। इस प्रकरण में मृतिका के पति कन्हैया यादव, पुत्र जयलाल यादव, पुत्री पिंकी यादव तथा पुत्री कुमारी कनिका के नाम से प्रत्येक को एक-एक लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के संबंधित बैंक खातों में जमा की जाएगी। स्वीकृत अनुदान राशि का व्यय वित्तीय वर्ष 2025-26 में मांग संख्या 58 के अंतर्गत मुख्य शीर्ष 2245 प्राकृतिक आपदा राहत मद से वहन किया जाएगा।

### खड़गवां के सांसद आदर्श ग्राम में सुविधाएं नहीं

# शो पीस बने नल जल कनेक्शन, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के जनपद मुख्यालय खड़गवां को वर्षो पहले सांसद आदर्श ग्राम घोषित किया गया था, इसके बाद ग्राम खड़गवां के लोगों को उम्मीद थी कि उनके ग्राम का अब समुचित विकास होगा, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी खड़गवां सिर्फ कागजों में ही आदर्श बना हुआ है। जमीनी हकीकत में बुनियादी सुविधाओं का अकाल देखने को मिलता है।

सांसद आदर्श ग्राम घोषित होने के बाद केवल नाम की पट्टिकाएं लगी है, लेकिन वर्षों बाद भी खड़गवां की तस्वीर नहीं बदल सकी। खड़गवां ग्राम प्रवेश करने के पूर्व सड़क किनारे बोर्ड देखने को मिल जाएगा कि मुस्कुराईए आप सांसद आदर्श ग्राम में है। यहां विकास के नाम पर केवल घोषणाएं नहीं बल्कि धरातल पर दिखने वाला परिवर्तन कुछ नहीं है। आज खड़गवां की जनता अपने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से जवाब मांग रही है। जानकारी के अनुसार सांसद आदर्श ग्राम घोषित होने के बाद इस योजना के तहत विशेष बजट और निगरानी का प्रावधान है तो फिर खड़गवां की इतनी बदतर स्थिति क्यों हैं क्या अधिकारी केवल कागजी खानापूर्ति में व्यस्त है और कागजों में खड़गवां सांसद आदर्श ग्राम के रूप में दर्ज हैं और धरातल की हकीकत कुछ और बयां करती है।



### सुलभ शौचालय की भी सुविधा नहीं

सांसद आदर्श ग्राम खड़गवां के बाजार स्थल पर लोगों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय की भी सुविधा वर्षों बाद भी सुलभ नहीं हो सकी है, इसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार खड़गवां के प्रमुख बाजार स्थल के पास यात्री प्रतीक्षालय के पीछे सार्वजनिक शौचालय वर्षो पूर्व का बना हुआ है, जिसका शटर हमेशा बंद रहता है तथा उपयोग लायक स्थिति में नहीं है जबकि इस स्थल के पास यात्री बसों से लोग उतरते चढ़ते हैं और खड़गवां का प्रमुख बाजार स्थल है, जिन्हें शौचालय एवं यूनिरल के लिए भटकना पड़ता है। सुविधा के अभाव के चलते सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है।

### कॉलेज पहुंच मार्ग एक जगह धंसा

खड़गवां मुख्य मार्ग से कॉलेज पहुंच मार्ग पर सड़क का एक हिस्सा धंस गया है, इसके चलते यहां पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। वाहन चालकों को सावधानी से चलना पड़ता है अन्यथा दुर्घटना घट सकती है। सांसद आदर्श ग्राम में अच्छी सड़क का भी अभाव है।




### पेयजल के लिए जद्दोजहद

सांसद आदर्श ग्राम खड़गवां के लोगों को पीने के पानी के लिए भी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। जिस तरह का विकास होना चाहिए वह नहीं हो पाया है। जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर पेयजल पहुंचाने की योजना भी यहां फेल हो गई है। अब तक यहां के लोगों के घरों तक पेयजल पहुंचाने के लिए नल के कनेक्शन दिए गए हैं, लेकिन उसमें अब तक पेयजल सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है, ऐसे में इस वर्ष के गर्मी में भी लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पडेगा।




# बैकुंठपुर में मिलेगा 200 बिस्तरीय नवीन जिला चिकित्सालय भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि सामने आई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के विशेष प्रयासों से वर्षों से अधूरा पड़ा कोरिया जिले के बैकुंठपुर का 200 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय भवन अब शीघ्र ही पूरा होगा। राज्य शासन ने मुख्य बजट वर्ष 2025-26 में शामिल करते हुए अस्पताल भवन के शेष निर्माण कार्य के लिए 22 करोड़ 59 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

वित्तीय वर्ष 2020-21 में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से इस परियोजना के लिए 35 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी। इसके तहत छह किस्तों में सिर्फ 13 करोड़ रूपए ही निर्माण एजेंसी को जारी किए गए। इसी बीच कोरिया जिले के विभाजन और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के गठन के कारण डीएमएफ मद से राशि आवंटन नहीं हो सका और बजट के अभाव में निर्माण कार्य ठप हो गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस संवेदनशील मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर लगातार समीक्षा और समन्वय किया। उनके निर्देश पर छग मेडिकल सर्विसेस कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) द्वारा प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को भेजा गया, जिसे स्वीकार करते हुए मुख्य बजट 2025-26 में शामिल किया गया। अब 22 करोड़ 59 लाख रूपए की स्वीकृति मिलने के साथ ही 200 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ होगा। इसके पूर्ण होने से कोरिया जिले सहित सीमावर्ती क्षेत्रों के हजारों नागरिकों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और गंभीर मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर रूख नहीं करना पड़ेगा। यह निर्णय राज्य में स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। प्रशासकीय स्वीकृति मिलने पर विधायक भईयालाल राजवाड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा सहित जिले के सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधि गण एवं जनमानस ने आभार व्यक्त किया है।



- अस्पताल भवन के निर्माण के लिए शेष 22 करोड़ 59 लाख रुपए की मिली स्वीकृति

# बीवीजीरामजी योजनाः आईइसी अंतर्गत सरोवर संवाद में एकजुट हुए ग्रामीण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के लिए लागू की गई वीबी जीरामजी योजना को जन-जन तक ले जाने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में व्यापक प्रचार-प्रसार की गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है।

जिले में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर अलग-अलग प्रचार माध्यमों का उपयोग करते हुए वीबीजीरामजी योजना के अंतर्गत तथ्यों की जानकारी के माध्यम से श्रमिकों और आम नागरिकों के भ्रम को दूर करते हुए सकारात्मक लाभ और उसके अच्छे परिणामों की जानकारी प्रदान की जा रही है। आज मुख्यालय सोनहत के सरोवर संवाद में सरपंच श्रीमती मानमती सिंह, सचिव रामलाल, पंच श्रीमती लता सिंह, भूपेन्द्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, हफीज खान, श्रीमती नीता तिवारी , रोजगार सहायक नंदलाल राजवाड़े शामिल रहे। कभी अनिश्चितता और सीमित रोजगार से जूझने वाले ग्रामीण श्रमिकों के चेहरों पर आज भरोसे की मुस्कान आ रही है। कोरिया जिले के वनांचल जनपद पंचायत सोनहत के ग्राम पंचायत मुख्यालय में नर्सरी तालाब जो अब अमृत सरोवर बन चुका है। उसके तट पर आज ग्राम पंचायत सरपंच की उपस्थिति में श्रमिकों ने वीबी रामजी एक्ट 2025 के अंतर्गत अपने अधिकारों को जाना और समझा। सरोवर संवाद में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी प्रतीक जायसवाल ने उपस्थित ग्रामीणों को वीबीजीरामजी के बारे में तथ्यपरक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस योजना से जुड़कर आपको 125 दिवस के सुनिश्चित रोजगार और 7 दिवस में मजदूरी भुगतान की अनिवार्यता रखी गई है। यह जानकारी मिलते ही श्रमिकों के चेहरे खिल उठे।

### गांव की बदलेगी तस्वीर

सरपंच श्रीमती मानमती ने कहा कि हमें जब अधिकारों की जानकारी मिलती है और वह सुनिश्चित रोजगार से जुड़ी हुई होती है तो हम सभी के लिए खुशी की राह बनती है। आने वाले समय में वीबीजीरामजी से होने वाले काम केवल काम ना होकर गांव की आत्मनिर्भरता, सम्मान और खुशहाल भविष्य की नींव बनेंगे।

# अलंकरण समारोह से नौनिहालों में जगा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के मानक एवं प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्री-प्राइमरी कक्षा केजी 2 के नौनिहालों का अलंकरण समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह आयोजन नन्हें विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और उत्तरदायित्वबोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।




समारोह की शुरूआत दीप प्रज्जवलित एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसने वातावरण को पावन और प्रेरणादायी बना दिया। इसी क्रम में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रभा पटेल एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीरा सिंह विद्यालय के निदेशक व्यंकटेश सिंह एवं निदेशिका पूनम सिंह तथा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी का स्वागत बैज एवं पुस्तकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अगली श्रेणी में कक्षा नर्सरी एवं केजी 1 के नन्हें मुन्ने जब रंग-बिरंगे परिधानों में सजे मंच पर पहुंचे, तो उनकी मासूम मुस्कान और चमकती आंखों ने उपस्थित अभिभावकों व शिक्षकों का मन मोह लिया। कक्षा नर्सरी एवं केजी -1 के आकर्षक नृत्य के पश्चात कक्षा केजी - 2 का छात्र अर्चित तिवारी तथा छात्र नित्य गुप्ता ने क्रमशः हिंदी तथा अंग्रेजी में अपने विचारों को प्रस्तुत करते हुए भाषण दिया। इसी क्रम में कक्षा केजी 2 के विद्यार्थियों द्वारा शानदार लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात कक्षा क 2 के विद्यार्थियों द्वारा ताली योग की प्रशंसनीय प्रस्तुति दी गई जो दर्शकों द्वारा अत्यंत सराही गई, इसी क्रम में कक्षा केजी 2 के विद्यार्थियों द्वारा भावनात्मक प्रस्तुति गीत शुक्रिया पर दी गई। कार्यक्रम की अगली श्रेणी में विद्यालय की वरिष्ठ कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा मनोरंजक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्री प्राइमरी कक्षाओं की समन्वयक श्रीमती पूनम तिवारी ने अभिभावकों को धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि आज बच्चों की किंडरगार्डन से विदाई है, परंतु उनके सीखने की यात्रा निरंतर जारी रहेगी एवं आगे की कक्षाओं के लिए भी हम सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं आपके सहयोग एवं विश्वास के अभिलाषित रहेंगे। कक्षा केजी - 1 की मातृ शिक्षिका श्रीमती रश्मि सोनी द्वारा ▶▶शेष पेज 4 पर

# महिमा बनीं मिस एमसीबी-2026

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की होनहार और प्रतिभाशाली बेटी महिमा देवांगन ने 14 जनवरी को बिलासपुर में आयोजित भव्य सौंदर्य एवं प्रतिभा प्रतियोगिता में मिस एमसीबी का खिताब जीतकर पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया। यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि मनेन्द्रगढ़-एमसीबी जिले की बेटियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की जिद का प्रतीक भी बन गई है। बिलासपुर में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छग के विभिन्न जिलों से आई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जहां सौंदर्य के साथ-साथ व्यक्तित्व, आत्मविश्वास, बौद्धिक क्षमता और सामाजिक सोच को भी परखा गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच महिमा देवांगन ने अपने आत्मविश्वासपूर्ण जवाब, प्रभावशाली व्यक्तित्व और सादगीपूर्ण प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को पूरी तरह प्रभावित किया। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में पूछे गए सामाजिक सरोकारों से जुड़े सवालों पर महिमा के जवाबों ने यह स्पष्ट कर दिया कि वे केवल मंच की शोभा ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की सोच रखने वाली युवा प्रतिनिधि हैं। इसी वजह से उन्हें सर्वसम्मति से मिस एमसीबी का ताज पहनाया गया। महिमा की इस ऐतिहासिक जीत से जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिवारजन, मित्रों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई दी। इसे जिले की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। लोगों का कहना है कि महिमा ने यह साबित कर दिया है कि छोटे जिलों से भी बड़े सपने और बड़ी कामयाबी निकल सकती है। अपनी सफलता पर महिमा देवांगन ने कहा कि यह मुकाम उनके माता-पिता, गुरूओं और शुभचिंतकों के समर्थन के बिना संभव नहीं था।




मनेन्द्रगढ़ की बेटी ने बढ़ाया जिले का मान

# कलश यात्रा के साथ शिव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा



**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र के अंबेडकर चौक के समीप नव निर्मित भगवान शिव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। इस अवसर पर बुधवार को कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ हुआ। प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाएं पारंपरिक पीले एवं लाल वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर श्रद्धा भाव से यात्रा में सम्मिलित रहीं।

हर-हर महादेव के जयघोष, शंखनाद और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर कोरिया कॉलरी एवं आसपास के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः अंबेडकर चौक स्थित मंदिर परिसर पहुंची। श्रद्धालु नंगे पांव यात्रा में सम्मिलित होकर अपनी गहरी आस्था का परिचय देते नजर आए। यात्रा के दौरान अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर को पारंपरिक ढंग से आकर्षक रूप में सजाया गया है। बांस और खपरैल से निर्मित मंडप में वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार यज्ञ एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। आयोजन के अंतर्गत तीन दिवसीय यज्ञ, हवन, रूद्राभिषेक एवं विशेष पूजन कार्यक्रम आयोजित होंगे, इनमें पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया जाएगा। कोरिया कॉलरी के निवासियों ने बताया कि यह शिव मंदिर क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी आस्था और सामूहिक प्रयास का परिणाम है। प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात मंदिर को आम श्रद्धालुओं के लिए नियमित पूजा-अर्चना के लिए खोल दिया जाएगा। आयोजन में आसपास के गांवों एवं कॉलरी क्षेत्र से काफी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### द्वेषपूर्ण फर्जी शिकायतकर्ताओं की कलेक्टर से जांच की मांग


# कोरिया में पीएम और जन शिकायत पोर्टल में फर्जी शिकायत के मामले बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

इन दिनों कोरिया जिले में पीएम पोर्टल और जन शिकायत पोर्टल को हथियार बनाकर वसूली करने वाला एक संगठित गिरोह सक्रिय हो गया है। इस गिरोह के कुछ सदस्य किसी निर्दोष व्यक्ति, शासकीय अधिकारी या जनप्रतिनिधि के नाम से फर्जी शिकायत दर्ज कराते हैं और फिर शिकायत वापस लेने या दबाने के नाम पर मोटी रकम की मांग करते हैं।

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार पहले बेव पोर्टल पर गंभीर और बदनाम करने वाले आरोपों के साथ शिकायत दर्ज कराई जाती है, जिससे संबंधित व्यक्ति मानसिक दबाव में आ जाता है। इसके बाद फोन कॉल, मैसेज या बिचौलियों के जरिए सौदेबाजी शुरू होती है। बताया जा रहा है कि आए दिन इस तरह की फर्जी शिकायतें दर्ज हो रही हैं, जिससे न सिर्फ आम लोग बल्कि सरकारी तंत्र भी परेशान है। पीएम एवं सीएम शिकायत निवारण जैसी पवित्र व्यवस्था को बदनाम कर अवैध कमाई की जा रही है। पीड़ितों और सामाजिक संगठनों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस फर्जीवाड़े में शामिल गिरोह की जल्द पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया में सत्यापन व्यवस्था और अधिक सख्त करने की भी जरूरत बताई जा रही है।

मामले को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन की ओर से जांच शुरू किए जाने की बात कही जा रही है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस संगठित वसूली गिरोह पर कब और कैसी कार्रवाई करता है।




**केस 1**

नाम नहीं छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि उनके विभाग को लेकर एक ही व्यक्ति के नाम से कई बार शिकायत पीएम पोटर्ल और जन शिकायत में किए गए हैं, जिसके कारण वह बेवजह परेशान हो रहे हैं, ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जरुरत है।

**केस 2**

एक महिला ने बताया कि उनके नाम की फर्जी शिकायत एक समुदाय विशेष वाले व्यक्ति के नाम से किया गया, जो वहां का निवासी है ही नहीं। इस गिरोह के द्वारा लगातार नाम बदल-बदलकर परेशान किया जा रहा है, जिसकी शिकायत उन्होंने दर्ज कराई है।

### मिनी स्टेडियम में डोम सजाकर शिव महापुराण की तैयारी

**सोनहत।** विकासखंड मुख्यालय सोनहत के मिनी स्टेडियम ग्राउंड में महादेव सेवा समिति के तत्वावधान में पहली बार भव्य श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 9 से 16 फरवरी तक किया जा रहा है। आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं, वहीं डोम एवं पंडाल सजावट को अंतिम रूप देने में समिति से जुड़े श्रद्धालु दिन-रात जुटे हुए हैं। सार्वजनिक रूप से आयोजित इस भव्य शिव महापुराण कथा के लिए विशाल डोम पंडाल एवं यज्ञशाला का निर्माण कार्य प्रगति पर है। बीते दिवस पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह द्वारा स्थल पर पहुंचकर पंडाल, डोम एवं यज्ञशाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उल्लेखनीय है कि विकासखंड मुख्यालय स्तर पर पहली बार आयोजित हो रहे शिव महापुराण कथा को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं महादेव भक्तों के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन को लेकर आसपास के गांवों से भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### ओबीसी एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बने विवेक



**बिश्रामपुर।** ओबीसी कोल इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के केंद्रीय महासचिव मंगला सिंह यादव ने बिश्रामपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर विवेक यादव की नियुक्ति की है। इससे पूर्व यह दायित्व जयनंदन यादव के पास था, जिन्हें पारिवारिक कारणों से पद से मुक्त किया गया है। संघ के पदाधिकारियों ने विकास यादव की नियुक्ति पर विश्वास जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन कर्मचारियों के हितों की रक्षा और सामाजिक विकास की दिशा में कार्य करता रहेगा,नियुक्ति की जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधन को भी पत्र के माध्यम से दी गई है।

### भाजयुमो के बिश्रामपुर मंडल अध्यक्ष बने राजकुमार



**बिश्रामपुर ।** भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की सहमति से भाजयुमो जिलाध्यक्ष देव गुप्ता द्वारा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई।
इसी क्रम में बिश्रामपुर मंडल अध्यक्ष के रूप में राजकुमार यादव को नियुक्त किया गया है। वनियुक्त मंडल अध्यक्ष राजकुमार यादव ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें दी गई जिम्मेदारी का वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे

### सेवानिवृत्ति पर शर्मा को दी गई विदाई

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.यूपी शर्मा को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ.एजेन टोप्पो, वरिष्ठ स्टाफ डॉ.सुषमा भगत, डॉ.अलका जैन, डॉ.विश्वासी एक्का ने उनका स्वागत किया। डॉ.शर्मा ने 4 दशक तक महाविद्यालय में सेवाएं दी तथा कुशलता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। अंत में महाविद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। डॉ.शर्मा ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.रामाशीष तिवारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ.विश्वासी एक्का ने किया। प्राचार्य एवं स्टाफ ने डॉ.यूपी शर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

### नियमित बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ता सम्मानित



**दरिमा।** विद्युत विभाग द्वारा ग्राम दरिमा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव जिपं सदस्य श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, सरपंच गणेश सिंह, डॉ.केडी मिश्रा, सहायक यंत्री सुरजीत गुप्ता, उपयंत्री विराजन एक्का की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान अधिकारियों ने बिजली बिल समय पर पटाने का आह्वान किया तथा हर महीने बिल पटाने वाले उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में सरपंच, पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### क्रिकेट चयन ट्रायल में 56 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सरगुजा जिला क्रिकेट संघ द्वारा 1 फरवरी को संभाग स्तरीय महिला क्रिकेट खिलाड़ियों चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस चयन ट्रायल में छग स्टेट क्रिकेट संघ के महिला वर्ग के चयनकर्ता अनीश राठौर, सुश्री विद्या वर्मा, अविनाश सिंह तथा टेक्निकल के तौर पर श्री जीतेन्द्र टांग शामिल हुए। इस चयन ट्रायल में सरगुजा संभाग से जशपुर, पत्थलगांव, सूरजपुर, चिरमिरी, बैकुंठपुर, तथा अंबिकापुर से कुल मिलाकर 56 महिला खिलाडियों ने अपना ट्रायल दिया। यह चयन ट्रायल 15 वर्ष और 19 वर्ष के आयु वर्ग के खिलाडियों के लिये निर्धारित किया गया था। सरगुजा जिला क्रिकेट संघ के सचिव विनीत विशाल जायसवाल ने बताया कि आने वाले समय में संघ के अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह की मंशा है कि अंबिकापुर में महिला क्रिकेट खिलाडियों के खेल में और अधिक निखार लाने के लिये आवश्यकता अनुसार उचित व्यवस्था किया जाएगा ताकि दूर दराज के खिलाड़ियों को नेशनल स्तर का प्रशिक्षण मिले। इसके लिए जिला मुख्यालय में महिला हॉस्टल की व्यवस्था कर निरंतर खिलाडियों को अभ्यास कराया जाएगा और आने वाले समय में सरगुजा जिला को महिला क्रिकेट खिलाडियों के गढ़ के रूप में जाना जाएगा।

---

### बाहर से आ रहे खोवा, पनीर दही की जांच हेतु टीम गठित, बिना लाइसेंस संचालित डेयरी दुकान कराया बंद

# अब शादी-विवाह में कैटरर्स को भी करानी होगी डेयरी उत्पादों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर



शहर में अब मिलावटी और गुणवत्ताहीन खोवा-पनीर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की योजना बनाई है। योजना के तहत शहर में आने वाले खोवा-पनीर की जांच की जाएगी। संचालकों को भी निर्देश किया गया है कि वे बिना बिल वाउचर के इसकी खरीद बिक्री न करें। वहीं अब शादी विवाह में उपयोग होने वाले खोवा पनीर, दही की भी जांच की जाएगी। कैटरिंग वालों द्वारा कम गुणवत्ता के खोवा पनीर की मंगाने की शिकायत के बाद अब यह सख्ती की गई है।

सरगुजा नकली खोवा, पनीर, दही का बाजार बन चुका है। शादी विवाह के सीजन के साथ ही विभिन्न होटलों में बड़े पैमाने पर खोवा पनीर के साथ ही डेयरी उत्पादों को खपाया जा रहा है। गुणवत्ताहीन खोवा, दही पनीर का लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। गुणवत्ताहीन मिलावटी डेयरी उत्पाद पड़ोसी राज्यों से मंगाया जा रहा है। इसके साथ ही बड़े पैमान पर लो ग्रेड मिल्क पाउडर वाले पानीर को खपाया जा है। हाल ही में प्रतीक्षा बस स्टैंड में बड़े पैमाने पर गुणवत्ताहीन पनीर व अन्य डेयरी उत्पाद की खेप बस से पहुंचने का मामला सामने आया था। दूसरे राज्यों से गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री मंगवाई जा रही है। ऐसे में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा मिलावट की आशंका को दखते हुए सीमावर्ती क्षेत्र, रेलवे स्टेशन, चौक-चौराहे एवं अन्तर्राज्यीय बस स्टैण्ड में ट्रांसपोर्ट से आने वाले बाहरी खाद्य पदार्थ जैसे-पनीर, खोवा, दही इत्यादि का जांच करने हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी नितेश मिश्रा द्वारा टीम का गठन किया गया है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी लक्ष्मी कान्त यादव के साथ ही नमूना सहायक टुलेश्वर सिंह, लैब टेक्नीशियन गौरव कुमार महंत, लैब अटेंडेंट ऋषि कुमार सहित 7 सदस्यीय टीम का गठन किया है। टीम 4 फरवरी से शहर के चौक चौराहों, यात्री बसों, रेलवे स्टेशन, होटलों में जाकर आने वाले खोवा, दही पनीर की जांच के लिए सैंपल लेगी। बाहर से आने वाले खाद्य पदार्थ के बिल व्हाउचर्स का मिलान भी किया जाएगा।

बताया जा रहा है कि अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि शहर के छोटे होटल संचालकों के साथ ही शादी विवाह का टेंडर लेने वाले कैटर्स द्वारा ही गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। कैटर्स कम गुणवत्ता के डेयरी उत्पाद मंगवाते है। ऐसे में अब खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम सभी शादी-विवाह और पार्टियों में भी कैटर्स के द्वारा मंगवाए गए डेयरी प्रोडक्ट की जांच करेगी।

#### एक डेयरी दुकान कराया बंद

मंगलवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में निरीक्षण कर सभी बस काउंटर के आवक जावक पंजी की जांच की गई। बस संचालकों को निर्देश दिया गया है कि वे बिना जीएसटी बिल के किसी भी प्रकार के खाद्य पदार्थों को अन्य जिलों से सरगुजा जिले में ना लाया जाए अगर ला रहे है तो तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचित किया जाए। इसके साथ ही जांच के दौरान बस स्टैंड में संचालित अनिल डेयरी की जांच की गई। जांच के दौरान बिना लाइसेंस के डेयरी का संचालन किए जाने की पुष्टि होने के बाद दुकान को बंद कराया गया है।

#### की गई है टीम गठित

छोटे होटल और कैटर्स की डिमांड पर गुणवत्ताहीन डेयरी प्रोडक्ट आ रहे है। इसलिए शादी विवाह के सीजन में कैटर्स के डेयरी प्रोडक्ट की जांच होगी। वहीं बाहर से आने वाले खाद्य पदार्थों की जांच के लिए भी टीम का गठन किया गया है। बिना लाइसेंस के संचालित एक डेयरी को बंद कराया गया है। गुणवत्ताहीन खोवा, पनीर, दही की जांच के लिए अभियान चलाया जाएगा।

-नितेश मिश्रा
खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी

---

## बलरामपुर जिले में कोचियों पर कार्रवाई 20 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त



■ जिले में 158 प्रकरणों में की गई कार्रवाई, 91 वाहन भी किए गए जब्त

**अंबिकापुर।** प्रदेश में धान खरीदी समाप्त हो चुकी है और इसके साथ ही अब समितियों में धान उठाव का कार्य शुरू हो गया है लेकिन इसके बीच बलरामपुर जिले में कोचियों और तस्करों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई है। जिले में धान खरीदी के दौरान 20 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है। इसके साथ ही प्रकरण में अब तक 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारियां भी की गई है। कार्रवाई के दौरान तस्करों के गिरोह द्वारा बड़े पैमाने पर किसानों के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर यूपी, बिहार का धान खपाए जाने का खुलासा भी हुआ है।

बता दें कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई। धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी को समाप्त हो चुका है और अब समितियों में धान उठाव का कार्य चल रहा है। इस दौरान बलरामपुर जिले में समितियों में बड़े पैमाने पर अवैध धान खपाने वाले कोचियों, तस्करों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। चूंकि बलरामपुर जिले की सीमा से यूपी, झारखंड व एमपी की सीमाएं लगती है इसलिए तस्करों द्वारा जिले में दीगर राज्यों से धान लाकर खपाने का खेल बड़े पैमाने पर खेला जा रहा था। तस्करों द्वारा किसानों फर्जी दस्तावेजों के आधार पर समितियों में धान खपाने का काम किया गया है। इस दौरान बलरामपुर जिले में अवैध धान खपाने वालों के खिलाफ सर्वाधिक कार्रवाई भी सामने आई है। आंकड़ों की बात की जाए तो बलरामपुर जिले में 15 नवम्बर से 31 जनवरी के बीच 45 हजार 611 किसानों से 3000685.20 क्विंटल धान खरीदा गया है। इसके साथ ही अब तक 45611 किसानों को 710 करोड़ 86 लाख 24 हजार 38 रूपए मूल्य का भुगतान किया जा चुका है। धान खरीदी के बाद जिले में उठाव का कार्य भी जारी है और अब तक मिलर्स द्वारा 857288.77 क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है और मिलर्स द्वारा लगातार धान का उठाव जारी है। इस बीच बलरामपुर जिले में कोचियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की गई है। जिले में सर्वाधिक कोचियों की सक्रियता नजर आई और अवैध धान खपाने वालों पर कार्रवाई करने में भी प्रशासन को सफलता मिली। अवैध धान भण्डारण, परिवहन व बिक्री पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर बलरामपुर राजेन्द्र कटारा द्वारा गठित टीम द्वारा 158 प्रकरण में कुल 20 हजार 851 क्विंटल अवैध धान बरामद किया गया है। अवैध धान पर कार्रवाई के दौरान जिले में अवैध परिवहन में प्रयुक्त 81 चार पहिया तथा 10 दोपहिया सहित कुल 91 वाहनों को जब्त किया गया है। साथ ही अवैध धान में संलिप्त 6 व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज की गई है और कुछ कोचियों की गिरफ्तारी करने के साथ ही बड़े गिरोह का पर्दाफाश भी जिले में किया गया है।

---



## ग्राम स्वराज योजना के तहत जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्षों ने किया अध्ययन भ्रमण

**राजपुर।** भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण-सह-अध्ययन भ्रमण गुजरात में किया गया।

29 जनवरी से शुरू अध्ययन भ्रमण के तहत जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, ग्रामीण क्षेत्रों से किए जा रहे दुग्ध कलेक्शन की प्रक्रिया तथा कृषकों की भूमिका एवं आणंद जिले में स्थित अमूल डेयरी का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात वडोदरा जिले की दुमाड़ ग्राम पंचायत का अध्ययन भ्रमण किया गया जहां विशेष रूप से ऑन-सोर्स रेवेन्यू के अंतर्गत संपत्ति कर वसूली की प्रक्रिया, प्रकाश कर, जल कर, व्यवसाय कर, सेवा शुल्क तथा सीएसआर फंड के प्रभावी उपयोग से ग्राम पंचायत द्वारा किए गए विविध विकास कार्यों के माध्यम से पूरे गांव का कायाकल्प किए जाने का सफल मॉडल देखने को मिला तथा ग्राम पंचायत द्वारा सतत विकास के लक्ष्यों को तय सीमा में प्राप्त करने का ब्लूप्रिंट और इस ब्लूप्रिंट को प्राप्त करने की प्रक्रिया का गहन विश्लेषण एवं अध्ययन किया गया। दुमाड़ ग्राम पंचायत द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए विशेष प्रयासों का अध्ययन कर मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्वयं के स्त्रोतों से प्राप्त आय से संचालित योजना एवं स्कूल की व्यवस्था का गहन अध्ययन किया गया। देवभूमि द्वारिका जिले के भ्रमण के अंतर्गत दो ग्राम पंचायतों नागेश्वर ग्राम पंचायत एवं गोरियाली ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम सभा सदस्यों से छत्तीसगढ़ से आए प्रतिनिधियों से चर्चा कराई गई। प्रशिक्षण सह अध्ययन भ्रमण अंतिम दिन जिला पंचायत में जिपं सीईओ एबी पोनदोर के साथ जिला पंचायत में पंचायत विकास सूचकांक पर आधारित 9 थीम आधारित जिला पंचायत विकास योजना निर्माण की प्रक्रिया एवं लाइन विभाग की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई।

## चंदनपुर में आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन




**रामानुजगंज।** शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत नशामुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त छत्तीसगढ़ के युवा थीम पर ग्राम चंदनपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। इस विशेष शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता, नशा मुक्ति तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विकास गुप्ता ने की। सात दिवसीय शिविर में महाविद्यालय के 80 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर के दौरान स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम चंदनपुर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। गांव की गलियों, सार्वजनिक स्थलों एवं परिसर की साफ-सफाई की गई। साथ ही नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई तथा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। समापन समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में यह एक सार्थक पहल है। इस दौरान समाजसेवी विकास दुबे, महाविद्यालय की प्राचार्य रोस लिली बड़ा, रमेश कुमार खैरवार,एसबी यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## लांजित के विभिन्न बूथ स्तर पर चलाया मनरेगा बचाओ अभियान



**ओड़गी।** जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ओड़गी मंडल कांग्रेस कमेटी ने लांजित अंतर्गत विभिन्न बूथ स्तर पर मनरेगा बचाओ अभियान कार्यक्रम चलाया। जिसमें ग्रामीण को मनरेगा योजना सरकार द्वारा जो बंद किया जा रहा है उसके बारे में बताया गया। लोगों ने बढ़ चढ़कर मनरेगा योजना का समर्थन किया। उन्होंने बताया कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र का मुख्य रोजगार का साधन मनरेगा है जिससे हमारी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है और यह निरन्तर जारी रहे। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष लांजित हिमेन्द्र गुर्जर के नेतृत्व में सेक्टर चिकनी, सेक्टर लांजित, सेक्टर भकुरा के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सम्पन्न हुआ।

## अमानत में खयानत मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार



■ 5 राज्यों के टोल प्लाजा व प्रमुख स्थानों की सीसीटीव्ही फुटेज की मदद से पकड़ा गया मुख्य आरोपी

**सूरजपुर।** बेईमानी पूर्वक अमानत में खयानत मामले में कोतवाली पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने 5 राज्यों के विभिन्न जिलों के टोल प्लाजा व प्रमुख स्थानों की सीसीटीव्ही फुटेज व तकनीकी मदद से मुख्य आरोपी को पकड़ा।

पुलिस के मुताबिक ग्राम नयनपुर निवासी अमित पाण्डेय ने 14 जनवरी को कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके यूबी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड प्लॉट नयनपुर से ट्रक क्रमांक यूपी 61 एटी 2832 के चालक राहुल सिंह यादव ने 30 टन 160 किलो सरिया लोड कर भदौरी उत्तर प्रदेश के लिए निकला था। जो बेईमानी पूर्वक अमानत में खयानत कर 15 लाख 23 हजार 908 रूपये का सरिया गायब कर दिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 316(3) के तहत मामला पंजीबद्ध तलाश शुरू कर दी। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन व एसडीओपी अभिषेक पैकरा के मार्गदर्शन में कोतवाल पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश के दौरान उत्तर प्रदेश के जिला चित्रकूट भरतकूप थाना क्षेत्र से ट्रक क्रमांक 61 एटी 2832 को बरामद किया गया। आरोपी चालक द्वारा वाहन स्वामी को दिया गया आधार कार्ड व ड्रायविंग लाईसेंस की जानकारी की तस्दीक कराई गई जिसमें दोनों फर्जी कूटरचित पाया गया। विवेचना में आरोपी राहुल सिंह यादव के संबंध में छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश के कई जिलों के टोल प्लाजा व स्थानों से सीसीटीव्ही फुटेज व तकनीकी साक्ष्य के आधार पर लगातार तलाश करने पर बरगवां जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश में दबिश देकर पकड़ा गया। आरोपी राहुल का असली नाम मनीष यादव आ. रामलखन यादव उर्फ अरुण सिंह वर्तमान पता डागा बरंगवा जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश व स्थाई निवासी ग्राम पोडी थाना मझौली जिला सीधी मध्य प्रदेश का होना पाया गया। घटना के संबंध में पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि अपने साथी सूरज सोनी व अन्य के साथ मिलकर लोड सरिया को सतना ले जाकर मनीष सिंह परिहार को 12 लाख रुपये में ब्रिकी किया है। प्राप्त राशि से सेकंड हैंड ट्रक क्रमांक सीजी 6 जीएक्स 9288 एवं मोबाइल खरीदना बताया।

## केतकी-गायत्री खदान में रोजगार और पर्यावरण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक



ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक को शीघ्र कार्रवाई की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के सह क्षेत्र केतकी, गायत्री, रेहर कोयला खदान क्षेत्र में स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार न दिए जाने और अवैध वसूली के गंभीर आरोप सामने आया हैं। ग्राम पंचायत जोबगा, केतका, लाछा, पोड़ी, मानी एवं गेतरा के ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एसईसीएल के ठेकेदारों द्वारा कराई गई पचास दिवसीय बीटीसी ट्रेनिंग के बावजूद स्थानीय प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से वंचित किया जा रहा है, जबकि बाहरी लोगों से 70 से 80 हजार रुपये तक की अवैध राशि लेकर उन्हें काम पर रखा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रेनिंग दिलाने के नाम पर भी प्रति व्यक्ति 10 से 15 हजार रुपये की अवैध वसूली की जाती है। कोयला उत्खनन का कार्य करने वाले एसईसीएल के अनुबंधित एसएमएस और गैनवेल कंपनियों के अधीन ठेकेदारों पर मनमानी का आरोप लगाया। खदानों में पानी के अत्यधिक छिड़काव से भारी मात्रा में कीचड़ सड़कों पर फैल रहा है, जिससे स्कूलों और घरों में कोयले की डस्ट भर रही है और ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने 5 फरवरी तक मांगें पूरी नहीं होने पर 6 फरवरी से केतकी खदान का मुख्य गेट बंद कर हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

## तीन दिवसीय मैत्रिक युगल बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न

### सीनियर वर्ग में सीतापुर एवं जूनियर वर्ग में धरमजयगढ़ ने हासिल की जीत




**सीतापुर।** ग्राम चलता स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय मैत्रिक बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न हुआ।इस प्रतियोगिता में सीनियर एवं जूनियर वर्ग में कुल 32 टीमों ने भाग लिया था। जिसमे सीनियर वर्ग में सीतापुर एवं जूनियर वर्ग में धरमजयगढ़ की टीम ने जीत हासिल करते हुए खिताब अपने नाम किया।


विदित हो कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम चलता स्थित इंडोर स्टेडियम में सीनियर एवं जूनियर वर्ग का तीन दिवसीय युगल मैत्रिक बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस टूर्नामेंट में रायगढ़ जशपुर सरगुजा समेत सूरजपुर जिले की कुल 32 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग का फाइनल मैच सीतापुर एवं पुलिस टीम अंबिकापुर के बीच खेला गया जिसमें सीतापुर के एसडीओपी राजेंद्र सिंह मंडावी एवं अनंतदेव सोनी की जोड़ी ने पुलिस टीम को पराजित करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया। वहीं धरमजयगढ़ के रुद्र और प्रशांत की जोड़ी ने कांसाबेल के कर्तव्य एवं शाद की जोड़ी को हराते हुए जूनियर वर्ग का खिताब अपने नाम किया। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम को प्रतियोगिता के आयोजक एवं मुख्य अतिथि शैलेष सिंह ने नगद 5 हजार एवं ट्रॉफी एवं उपविजेता पुलिस टीम को नगद 35 सौ रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान किया। जूनियर वर्ग के विजेता टीम को 11 हजार नगद एवं ट्रॉफी, उपविजेता को 7 हजार नगद एवं ट्रॉफी एवं तीसरा स्थान हासिल करने वाली टीम विश्रामपुर के पंकिल एवं प्रभाकर को 35 सौ नगद एवं ट्रॉफी मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शैलेश सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को एक मंच उपलब्ध कराना है ताकि वो खुलकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके। ऐसे प्रतियोगिताओं के आयोजन से नये खिलाड़ियों को काफी कुछ सीखने को मिलता है। मेरी यही कोशिश रहेगी कि हर साल यह प्रतियोगिता आयोजित होता रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शिवभरोष बेक समेत आयोजन समिति के सदस्य एवं काफी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत कथा में भक्तों की उमड़ रही भीड़




**प्रतापपुर।** नगर में आयोजित सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस की भव्य कलश यात्रा से लेकर चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव तक पूरा वातावरण वृंदावन की छटा से ओतप्रोत हो गया है। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है।

कथा के प्रथम दिवस नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। द्वितीय एवं तृतीय दिवस कथा प्रवक्ता आचार्य सदानंद महाराज द्वारा भागवत महात्म्य, भक्त प्रहलाद, ध्रुव चरित्र सहित भगवान श्री हरि की विविध लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। चतुर्थ दिवस का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव एवं भगवान के वामन अवतार का मनमोहक दृश्य झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कंस के कारागार में देवकी के आठवें पुत्र के रूप में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का सजीव चित्रण होते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बधाई गीत गाए, नृत्य किया और पुष्प वर्षा कर प्रभु के जन्मोत्सव का उल्लास मनाया। इस अवसर पर आयोजन के मुख्य यजमान छोटेलाल जायसवाल एवं श्रीमती कौशल्या जायसवाल ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर बधाइयां दी। कार्यक्रम में आयोजक अंबिका जायसवाल, राजेश जायसवाल, रुचि जायसवाल, ज्योति जायसवाल, रंभा जायसवाल, राजेश गुप्ता, राम सेवक पैकरा, विनोद जायसवाल, कमलेश गुप्ता, संतोष जायसवाल, गिरीश पटेल, धनंजय गुप्ता, राजेश कश्यप, वासुदेव पांडे, हरिशंकर गर्ग, अंकुर जायसवाल, अजय जायसवाल, लक्ष्मी गुप्ता आदि उपस्थित रहे। अभिषेक कुशवाहा, पप्पल जायसवाल, विक्रम नामदेव, लाल बहादुर गुप्ता, लक्ष्मी ठाकुर, राहुल तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं। ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।'

लाइफ Style

# तापसी
## एक बार फिर कोर्टरूम में

एजेंसी ⏭ जयपुर

तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई।

फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।



## हॉलीवुड मसाला



# 'द डेविल वियर्स...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** फरवरी 2026 की शुरुआत एक जबरदस्त खबर के साथ हुई है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2006 की कल्ट क्लासिक फिल्म का यह सीक्वल करीब दो दशक बाद मेरिल स्ट्रीप, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट की आइकॉनिक तिकड़ी को पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रेलर में, फैशन मैगज़ीन रनवे की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा प्रीस्टली, मुश्किल में फंसे प्रिंट मीडिया सेक्टर में अपने एंटरप्राइज को फिर से ज़िंदा करने की कोशिश करेंगी।



# केट के बेटे एंडर्स ने रखा अभिनय की दुनिया में कदम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट के 22 वर्षीय बेटे जो एंडर्स भी अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जो एंडर्स के पिता केट के पूर्व पति सैम मेंडेस हैं। जो नई सीरीज 'केप फियर' में काम कर रहे हैं। केट ने बताया कि बेटे के इस दौर में वह उसे पूरा सहारा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अभी उसी "री-एंट्री" के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मां होने का एहसास फिर से बहुत गहराई से जाग जाता है। उन्होंने बताया कि वह बेटे को अच्छे खाने, सैर करने और आराम करने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर बात करने का मन न हो या पूरा दिन बिस्तर में रहना चाहें, तो वह भी बिल्कुल ठीक है। केट का मानना है कि कभी-कभी कुछ न करना भी ठीक होता है और खुद को इसके लिए दोषी महसूस नहीं करना चाहिए।



# मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। पायल ने लिखा कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है।




# 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।

# नए गाने की तैयारी में जुटी अक्षरा...

*मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री ने नए गाने का संकेत देते हुए तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वे हाथ में कप लिए हुए, कंडेसर माइक्रोफोन के सामने खड़ी दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश।" अक्षरा की तस्वीर देख फैंस नए प्रोजेक्ट आने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट का संकेत हो सकता है। अक्षरा का नाम भोजपुरी सिनेमा में उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। उनके गाने दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं, अभिनेत्री भी किसी खास मौके से पहले गाना जरूर रिलीज करती हैं। अभी हाल ही में अक्षरा का एक नया गाना 'बालम जी' रिलीज हुआ था और इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से शुरुआत की थी। अक्षरा 'बिग बॉस ओटीटी' समेत 'सर्विस वाली बहू', 'पोरस', और 'काला टीका' जैसे टीवी शो में भी काम कर चुकी हैं।*



# अपारशक्ति और तुलसी का गाना 'निक्की निक्की गल' रिलीज

*टी-सीरीज अपने प्रशंसकों के लिए अक्सर मजेदार गाने पेश करता रहता है। टी-सीरीज ने मंगलवार को अपने दर्शकों के लिए रोमांटिक सॉन्ग 'निक्की निक्की गल' रिलीज किया। इस गाने में एक बार फिर से अपारशक्ति खुराना और तुलसी कुमार की जुगलबंदी देखने को मिल रही है। गाने को दोनों ने मिलकर अपनी आवाज में गाया है और एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। वहीं, साक्षी रत्ती ने गाना लिखने के साथ इसका संगीत भी तैयार किया है।*

**मुंबई।** टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की जानकारी देते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, थोड़ी सी नाराजगी पर बहुत सारा प्यार। 'निक्की निक्की गल' गाना अब रिलीज हो गया है। गाने की कहानी बहुत प्यारी है। इसमें छोटी-छोटी बातों पर होने वाली नाराजगी को प्यार से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। अपारशक्ति खुराना गाने में तुलसी कुमार को प्यार भरे अंदाज में समझाते नजर आते हैं कि छोटी नाराजगी पर इतना गुस्सा नहीं करना चाहिए। गीत के बोल बेहद सरल, मजेदार और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े हुए हैं, जिस वजह से ये गाना हर उम्र के लोगों को पसंद आ रहा है। वीडियो में अपारशक्ति और तुलसी की केमेस्ट्री आकर्षक दिखाई गई है। इसमें कुछ शादी के सीन भी दिखाए गए हैं। गाने को साधारण लेकिन बेहद प्यारे अंदाज में पेश किया गया है, जिसमें न तो ज्यादा ड्रामा है और न ही कोई भारी-भरकम सेटिंग।




# फिल्मी दुनिया के शुरुआती दिन बेहद कठिन

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। मेधा राणा ने कहा, 'साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। मेधा ने कहा, 'जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो शुरुआती दिन बेहद कठिन थे। मैं लगातार खुद पर शक करती थी और अपने फैसलों को लेकर आश्वस्त नहीं थी। इस असमंजस से बाहर निकलने में मुझे काफी समय लगा। इंडस्ट्री को समझना, अपने आप को पहचानना और हालात को स्वीकार करना एक लंबी सीख की प्रक्रिया रही।'



# इंडस्ट्री में कोई किसी का फ्रेंड नहीं: शुभांगी

मुंबई। टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। शुभांगी ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। शुभांगी ने कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।



## भारतीय कलाकारों ने दिखाई मजबूत दावेदारी

# ग्रैमी अवॉर्ड में पुरस्कार से चूके भारतीय सितारे

*लॉस एंजिल्स। संगीत जगत के ऑस्कर के नाम से मशहूर ग्रैमी अवॉर्ड्स के 68वें सीजन का आयोजन लॉस एंजिल्स में हुआ। इस बार कई भारतीय कलाकारों ने अपनी मजबूत दावेदारी दिखाई। हालांकि, वे पुरस्कार पाने में असफल रहे। इस बार ग्रैमी में कोई भी भारतीय कलाकार जीत नहीं सका। हालांकि, भारत का ग्रैमी इतिहास गौरवशाली रहा है। पंडित रवि शंकर से लेकर उस्ताद जाकिर हुसैन तक कई महान कलाकारों ने यह सम्मान अपने नाम कर भारत का परचम लहराया है।*

### अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर रचा इतिहास

साल 2026 में भारतीय दावेदारों को जीत नहीं मिली, जबकि नामांकन सूची में तीन भारतीय नाम शामिल थे। पंडित रवि शंकर की बेटी और सितार वादक अनुष्का शंकर को ग्रैमी में दो नामांकन मिले थे। उनको सहयोगी ईपी चैप्टर आईआईआई वी रिटर्न टू लाइट को आलम खान और सरथी कोरवार के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक डेब्रेक को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में नॉमिनेशन मिला था। अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर इतिहास रचा, लेकिन दोनों श्रेणियों में वे जीत से चूक गईं।

### चारू सूरी का पहला नामाकंन

ग्रैमी नॉमिनेशन में इंडो-अमेरिकी जैज पियानिस्ट चारू सूरी का नाम भी शामिल रहा। उन्होंने पहली बार नामांकन हासिल किया। उनका एल्बम श्यान बेस्ट कंटेम्परेरी इंस्ट्रुमेंटल एल्बम में शामिल था। इसके साथ ही फ्यूजन बैंड शक्ति (शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉघलिन, गणेश राजगोपालन और वी. सेल्वागणेश के बैंड) को दो नामांकन मिले। उनका लाइव एल्बम माइंड एक्सप्लोसन बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक शेरनी ड्रीम बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में था। शक्ति ने पहले भी ग्रैमी जीते हैं, लेकिन इस बार सफलता नहीं मिली।



### भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत

सिद्धांत भाटिया का एल्बम साउंड ऑफ महाकुंभ भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में नामांकित था, जो उनकी पहली नामांकन थी। भारत इस बार पुरस्कार से चूक गया, लेकिन इन कलाकारों की वैश्विक पहचान भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत और क्लासिकल, फ्यूजन और कंटेम्परेरी शैलियों में भारत का योगदान जारी है।

## खबर संक्षेप

### जिला अध्यक्ष पांडे ने की जिला कार्यकारिणी की घोषणा



सूरजपुर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कपिल पांडे द्वारा किसान मोर्चा जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री की घोषणा की। नवगठित घोषित टीम में जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण जायसवाल, रामनारायण यादव, अशोक गुप्ता, रामेश्वर बैस, प्रकाश दुबे, जिला महामंत्री लवकेश पैकरा एवं अजय अग्रवाल, जिला मंत्री जगमोहन सिंह, मोहन शर्मा, अनुज राजवाड़े, लालचंद शर्मा, मुकेश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष मनमत बछाड़, जिला सह कोषाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, रमेश साहू, जिला मीडिया प्रभारी श्यामू साहू, जिला सह मीडिया प्रभारी राकेश पाठक, रिंकू शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री भगवान मिश्रा, जिला कार्यालय सह मंत्री संदीप सरकार, ठाकुर राजवाड़े, सोशल मीडिया जिला प्रभारी रंजन सोनी, सोशल मीडिया जिला सहप्रभारी सुखदेव यादव, कैलाश राजवाड़े शामिल है। जिला कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र जायसवाल, विभीषण यादव, राहुल साहू, विजय सिंह, अजय पांडे, धनीराम यादव, विक्रमादित्य यादव, रामदेव रजक, समयलाल मिश्रा, जनार्दन कुशवाहा, कैलाश पैकरा, कौशल राजवाड़े, कटुकधन सिंह, भोला पटेल, शिवकुमार यादव, सुरेश यादव, रविन्द्र प्रताप सिंह, सतेंद्र राजवाड़े, हीरा राजवाड़े, रविन्द्र खाखा, अनंजय देवांगन, बृजेश शर्मा, सतीश जायसवाल, ठाकुर राम पैकरा, ओमप्रकाश देवांगन, अजीत समद्दार, संतोष सिंह, पुष्पेंद्र गुर्जर, श्यामलाल राजवाड़े, सुशील गुप्ता, दुर्गा चरण गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, श्यामलाल गुर्जर, शंकर राय, बीरेंद्र गुप्ता, नारद काशी, शरद चंद द्विवेदी के अलावा मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री की घोषणा की।

### नितित किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष बने दुबे

भैयाथान। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं



प्रदेश महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में प्रदेश क सिान मोर्चा अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की सहमति से किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कपिल पांडेय द्वारा किसान मोर्चा की जिला कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। भैयाथान किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष के रूप में नितिन तिवारी को नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष के रूप में प्रकाश दुबे को वहीं राकेश पाठक को जिला सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## कैंसर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने व प्रारंभिक लक्षणों की जानकारी दी गई

# समय पर जांच, पहचान से कैंसर के उपचार में मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में कैंसर की आशंका वाले मरीजों की जांच एवं स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान कैंसर की प्रारंभिक पहचान, रोकथाम एवं जागरूकता को लेकर विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि समय पर जांच से कैंसर की पहचान संभव है तथा समय रहते उपचार कराने से इस गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सकता है।

उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे बढ़ती उम्र के साथ नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, कैंसर के जोखिम कारकों से बचाव तथा इसके प्रारंभिक लक्षणों की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित लोगों को कैंसर से बचाव के लिए शपथ भी दिलाई गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया गया। सरईगहना, तेंदुआ, देवरी एवं घुघरा में ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में कैंसर के कारणों, जोखिम कारकों एवं लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल ने कहा कि कैंसर निश्चित रूप से एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर जांच एवं उपचार से मरीजों को राहत मिलती है। उन्होंने बताया कि धूम्रपान एवं तंबाकू के सेवन से कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही महिलाओं से अपील की कि वे स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर नियमित जांच अवश्य कराएं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक कर समय पर जांच एवं उपचार को प्रोत्साहित करना रहा।

### न्यू लाईफ में विश्व कैंसर दिवस पर स्वास्थ्य प्रशिक्षण



न्यू लाईफ इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में 4 फरवरी 2026 को विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में संस्था संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में नर्सिंग छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी सुश्री संगीता चिकनजुरी एवं श्रीमती लुकेश साहू के द्वारा स्वास्थ्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। विश्व कैंसर दिवस 2026 की थीम युनाइटेड बाय युनिक है जो की 2025 से 2027 तक चलने वाला 3 वर्षीय अभियान की शुरूआत को दशार्ती है। इस थीम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक कैंसर रोगी की व्यक्तिगत यात्रा को महत्व देना और कैंसर उपचार को व्यक्तिगत देखभाल और समावेषिता को बढ़ावा देना है। जिसमे न्यू लाईफ इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग के चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा जिला अस्पताल बैकुंठपुर में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्तमान समय में कैंसर एक गंभीर बिमारी है, कैंसर कोशिकाओं का असामान्य तौर पर वृद्धि होना एवं अनियंत्रित रूप से विभाजित होना है। कैंसर के प्रकार- मुख कैंसर, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्लड कैंसर, स्किन कैंसर, बोन कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर एवं लंग कैंसर के बारे में लोगों को शिक्षित किया गया। समान्यतः कैंसर के कारण जैसे- तंबाकू, धूम्रपान के सेवन मुंह का कैंसर, फेफड़ो का कैंसर होने का खतरा ज्यादा होता है। कैंसर के लक्षण- वजन कम होना, थकान, स्तन में गांठ, त्वचा के बदलाव एवं सीने में दर्द होना है। कैंसर का इलाज- केमोथेरेपी, रेडियो थेरेपी एवं सर्जरी मुख्यतः है। प्रतिवर्ष भारत में 14 लाख व्यक्ति कैंसर से पीड़ति हो रहे हैं। संस्था संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल के द्वारा नर्सिंग संस्थान में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं को शपथ दिलवाया गया।

### विश्व कैंसर दिवस पर किशोरियों को मिला स्वास्थ्य का संदेश



मनेन्द्रगढ़। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जिले में बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं कैंसर की रोकथाम को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 1 से 10 फरवरी तक चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान की श्रृंखला में शासकीय हाई स्कूल छिपछिपी में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण केन्द्र के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरी बालिकाओं को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सजग करना तथा इसके संभावित कारणों, प्रारंभिक लक्षणों, रोकथाम एवं समय पर उपचार के महत्व से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में बताया गया कि संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित दिनचर्या, पर्याप्त जल सेवन और समय पर भोजन अपनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। विशेष रूप से तंबाकू, गुटखा, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की गई तथा बालिकाओं को अपने परिवार और समाज में नशा विरोधी जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया।

# संबलपुर ने आरटी बॉयज हैदराबाद को 2-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

### हरिदास बने मैन ऑफ द मैच



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि, मैदान में खिलाड़ी।

अखिल भारतीय शेषन स्मृति 50 वां गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत प्रतियोगिता के दूसरे दिन का दूसरा मुकाबला समलेश्वरी स्पोर्टिंग, संबलपुर (ओडिशा) एवं आरटी बॉयज, हैदराबाद (तेलंगाना) के मध्य खेला गया। मैच को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। दूसरे दिन के मुख्य अतिथि जयप्रकाश सोनी रहे। उनके साथ मंच पर हेमसागर यादव, धर्मेन्द्र सिंह, जितेन्द्र श्रीवास्तव, धर्मवीर सिंह, प्रवीण डहेरिया, महेश कुमार यादव, मो. रियाज अहमद, पत्रकार अंकित अग्रवाल, तपेश्वर प्रसाद, संदीप कुमार, थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्टीय गान के साथ मैच का शुभारंभ कराया गया। मैच के शुरूआती क्षणों से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। खेल के 10 वें मिनट में समलेश्वरी स्पोर्टिंग, संबलपुर (ओड़शिा) के जर्सी नंबर 6 हरिदास ने शानदार गोल दागकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद आरटी बॉयज, हैदराबाद के खिलाड़ियों ने बराबरी के लिए कई आक्रमण किए, लेकिन ओडिशा टीम की मजबूत रक्षापंक्ति ने हर प्रयास को विफल कर दिया। ओडिशा टीम ने लगातार दबाव बनाए रखते हुए मध्यांतर से ठीक 3 मिनट पूर्व जर्सी नंबर 11 लाल रंती लुंगा ने शानदार गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। मध्यांतर तक समलेश्वरी स्पोर्टिंग, संबलपुर ने 2-0 की बढ़त बनाए रखी। मध्यांतर के बाद दोनों टीमें पुनः मैदान पर उतरीं। दूसरे हाफ में भी ओडिशा की टीम ने हैदराबाद पर लगातार दबाव बनाए रखा, वहीं हैदराबाद की टीम ने पलटवार करते हुए गोल करने के कई प्रयास किए। मुकाबला रोमांचक मोड़ पर बना रहा और दर्शकों ने दोनों टीमों के खेल की जमकर सराहना की। मैच समाप्त होने तक हैदराबाद तेलंगाना टीम ने एक भी गोल नहीं कर पाया। जिससे संबलपुर टीम जीत के करीब पहुंच गई। इसी प्रकार समलेश्वरी स्पोर्टिंग संबलपुर ओडिशा ने 2-0 से आरटी बॉयज, हैदराबाद तेलंगाना को हराया।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार समलेश्वरी स्पोर्टिंग संबलपुर ओडिशा के खिलाड़ी जर्सी नंबर 6 हरिदास को जयप्रकाश सोनी के हाथों दिया गया। टूर्नामेंट के कमिश्नर अनिल कचेर हैं। मैच के रेफरी पप्पू कुमार रहे, जबकि एआर-1 आकाश पटवा, एआर-2 भरत कुमार, एआर-4 प्रफुल्ल कुमार एवं अतिरिक्त निर्णायक विजय विश्वकर्मा रहे। ग्राउंड मैनेजमेंट व फिजियोथैरेपी में मो. रफीक की अहम भूमिका रही। आयोजन समिति में अध्यक्ष सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, उपाध्यक्ष संदीप कुमार, सचिव मो. रियाज, सह-सचिव तपेश्वर प्रसाद एवं प्रवीन डेहरिया तथा कोषाध्यक्ष महेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती मनी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




संत शिरोमणि विश्व गुरू रविदास जी महराज के इन मानवता वादी विचारों को लेकर रविदास समाज जन-कल्याण सरगुजा संभाग एवं सर्व रविदास समाज के तत्वावधान में मोहित राम पैकरा जिला पंचायत अध्यक्ष कोरिया के मुख्य आतिथ्य एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बैकुंठपुर श्रीमती अंबिका सिंहदेव, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांति तिवारी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती संगीता सोनवानी, नगर पंचायत अध्यक्ष पटना श्रीमती गायत्री सिंह, जनपद सदस्य बैकुंठपुर श्रीमती धर्मवती राजवाड़े, शारदा गुप्ता, तीरथ राजवाड़े, बिहारी राजवाड़े, विकास श्रीवास्तव, भूपेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, शशिप्रकाश जायसवाल, राजेन्द्र पावले, संजय चिकनजूरी, रूपेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष शिवप्रसाद रवि की उपस्थिति में किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ संत शिरोमणि रविदास महाराज, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं भगवान बुध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। संत शिरोमणि रविदास की संभाग स्तरीय जयंती का उद्देश्य रविदास की अमृत वाणी का प्रचार-प्रसार जन-जन तक पहुंचाना था, जिसके तहत पहली बार रविदास समाज जन- कल्याण सरगुजा संभाग छग द्वारा सर्व समाज को आमंत्रित कर सामाजिक असमानता, छुआछूत, अशिक्षा, नशापान एवं अन्य सामाजिक कुरीतियां पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया कि हम सबको सभी भेदभाव मिटाकर एकता की स्थापना करनी होगी और भारत की एकता और अखंडता की रक्षा करने व विकसित भारत के निर्माण में तन मन धन और योग्यता लगाना होगा तभी हमारी आने वाली पीढ़ियों का चौमुखी विकास हो पाएगा। संभाग स्तरीय जयंती समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान शाल और श्रीफल भेंट देकर किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुछ साथियों को नए जिम्मेदारी के साथ पद भी दिया गया।

# केतका सर्किल राजापुर के जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जंगल का अस्तिव बरकार रहे इसे लेकर शासन द्वारा लगातार प्रयासरत है। परंतु विभाग की लापरवाही के कारण अब न सिर्फ जंगल के पेड़ असुरक्षित है बल्कि जंगल के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। आलम यह है कि लोग बेखौफ होकर जंगल के पेड़ो की अवैध कटाई करने में लगे है। हैरानी बात तो यह है कि सूरजपुर वन परिक्षेत्र केतका सर्किल अंतर्गत राजापुर वन खण्ड के जंगल में हरे भरे विशाल पेड़ो कि कटाई बदस्तूर जारी है और पद्रह दिनों के भीतर ही 40 -50 पेड़ काट दिए गए बावजूद इसके विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। ऐसे में लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है। किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश है।

सूरजपुर वन परिक्षेत्र के केतका सर्किल स्तिथ राजापुर बीट के सड़क किनारे के बड़े बड़े साल सराई के पेंड़ों कि अंधाधुन कटाई कटाई जारी है। पेड़ो को सुनियोजित तरीके से काटा जाता है जिससे वन कर्मियों को भनक तक नहीं लगती। लगातार पेड़ों की कटाई से अब वन खण्ड समतल मैदान में तब्दील होता जा रहा है। ग्रामीणों की माने तो कुछ लोग पैसे की लालच में कीमती पेड़ों को भी काट रहे हैं। हैरानी बात तो यह है कि सड़क किनारे के पेड़ों को बेखौफ हो कर काट दिए है। जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई से पर्यावरण पर असर तो पड़ेगा साथ ही जंगल भी मैदान में तब्दील होने लगे है। जिस तरह से जंगल में तस्करों द्वारा रात के समय पेड़ों की कटाई कर रहे है। ऐसे में समय रहते अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में कीमती पेड़ों की कटाई से जंगल वृक्ष विहीन हो जाएगा। पेड़ों की अवैध कटाई कर कई लोग मालामाल हो रहे हैं जिससे प्रकृति से हरियाली घटती जा रही है। वन कर्मियों और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीन रवैया के कारण आज तक लड़की तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं हो सकी जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

### जिम्मेदार अधिकारी झाड़ रहे पल्ला

राजापुर बीट के सड़क किनारे के बड़े बड़े कई पेड़ो को पद्रह दिनों के भीतर ही काट दिया गया। हैरानी की बात तो यह है कि जिम्मेदार अधिकारी डिप्टी रेंज से पूछा गया तो उन्होंने गैर जिम्मेदारी बात कही। उन्होंने यह कहते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया कि पेड़ो की देख रेख की जिम्मेदारी उनकी नहीं है और बीट प्रभारी की होती है। साथ ही घटना की जानकारी बीट प्रभारी को देने की सलाह दी। ऐसे में सहज ही अंदेशा लगाया जा सकता है कि अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को छोड़ दूसरों की जिम्मेदारी होने की बात कहकर पल्ला झाड़ने में लगे हुए है।

### की जाएगी कार्रवाई

जंगल में रात के समय पेड़ काटे जाते है जिससे आरोपियों का पता नहीं चलता और ढूढ़ना मुश्किल होता है। पेड़ काटने वाले तस्करों का पता चलने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-वस्त्राकार, रेंजर**

# सरिया लोड ट्रैक्टर तालाब में पलटा, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



सोमवार को सरिया लोड ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गया। दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना जिला मुख्यालय बलरामपुर की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अधौरा निवासी सागर कोड़ाकू (30वर्ष) ट्रैक्टर से सरिया लोडकर कॉलेज के निर्माणाधीन भवन की ओर जा रहे थे। ट्रैक्टर जैसे ही ऑफिसर्स क्लब के समीप सड़क किनारे स्थित तालाब के पास पहुंचा अचानक अनियंत्रित हो गया। संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर सड़क से फिसलकर सीधे तालाब में गिरकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक सागर कोड़ाकू वाहन के नीचे दब गया। ट्रैक्टर पलटने के कारण पानी में फंस गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला गया। पंचनामा उपरांत पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजन को सौंप दिया गया।

**न्यायालय-व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश, जिला कोरिया (छ.ग.)**

**आम ईश्तहार/नोटिस**

Process No 71/26
व्यवहार वाद क्र.- F.N 13/2026 दिनांक 02.02.2026

01. विमला पति स्व. श्री राय सिंह, उम्र-45 वर्ष, जाति-कंवर, सा. ग्राम डकईपारा, थाना-तह.-पटना, जिला-कोरिया छ.ग. वर्तमान निवासी बिशुनपुर, जूनापारा, थाना-चरचा, तह. बैकुण्ठपुर, जिला- कोरिया छ.ग. वास्ते संरक्षक माता-
01. कुमारी अंजना आ. स्व. राय सिंह, वर्ष 13 नाबा. 02. रोहित उर्फ गोलू आ. स्व. राय सिंह आयु 14 वर्ष दोनों जाति-कंवर, सा. निवासी- बिशुनपुर, जूनापारा, थाना-चरचा, तह. बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग.....वादी

प्रति
01. छत्तीसगढ़ शासन, द्वारा कलेक्टर कोरिया, जिला-कोरिया छ.ग.।
02. सर्व साधारण....प्रतिवादी

वादी ने उक्त वाद आपके विरूद्ध पेश कर वादी को भूमि स्थित ग्राम डकईपारा, प.ह.नं. 08, रा.नि.मं.- बुड़ार, तहसील-पटना, जिला-कोरिया छ.ग. स्थित भूमि खसरा क्र. 211/2 एवं 211/3, रकबा क्रमशः 0.0600 एवं 0.1000 हे. कुल रकबा 0.1600 हे. भूमि को पेट्रोल पंप हेतु सत्यम साहू आ. मधुसूदन प्रसाद साहू सा. ग्राम पटना, जिला- कोरिया छ.ग. के पक्ष में पंजीकृत किराया नामा एवं एग्रीमेन्ट का निष्पादन नाबालिग पुत्री अंजना आ. स्व. राय सिंह एवं रोहित उर्फ गोलू आ. स्व. श्री राय सिंह के हित के लिए उनका संरक्षक वादी-विमला को नियुक्त करने का आदेश दिये जाने बाबत वाद पेश किया है।

अतः उक्त प्रकरण के विषय से संबंद्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 13.02.2026 को दिन में 11.00 बजे हाजिर हो। उपरोक्त दिनांक को आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण की पैरवी हेतु उपस्थित हो यदि पेशी के नियत दिनांक को कोई आकस्मिक अवकाश होने की दशा में आगामी दिनांक को न्यायालय खुलने पर उपस्थित हों। आपकी अनुपस्थिति कि दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय विचारण किया जायेगा। यह आज तारीख 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगकर दी गई।

**(धारिणी राणा)**
**व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

सर्व साधारण ग्राम बैकुंठपुर के आम जनता को इस ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पार्वती देवी पति धनेन्द्र कुमार चिकनजुरी जाति पनिका निवासी ग्राम जामपारा तहसील बैकुंठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम बैकुंठपुर प.ह.नं.-09 स्थित ख.नं. 320/1/च रकबा 0.071 हे. भूमि, जो न्याया. अनु. अधिकारी (रा.) बैकुंठपुर के रा. प्र. क्र. 36/अ-2/2004-05 आ. दि. 06.08.2005 के द्वारा आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित भूमि है। उक्त भूमि को आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 07/02/2026 तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी। आज दिनांक 03/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया**

## पृष्ठ 1 का शेष

### नौनिहालों का अलंकरण...

कविता पाठ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तथा भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल ने विद्यालय तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए अपनी व्याख्यान में कहा कि विद्यालय वह पवित्र स्थान है, जहां बच्चों को केवल पढ़ना ही नहीं,बल्कि अच्छा इंसान बनना सिखाया जाता है। मैं इस विद्यालय के शिक्षकगण को बधाई देती हूं। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा आपके विश्वास और सहयोग के बिना यह यात्रा संभव नहीं थी। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने इस विशेष अवसर पर बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि आज का यह दिन हमारे विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव और भावनाओं से भरा हुआ है। किंडरगार्टन ग्रेजुएशन डे केवल एक शैक्षणिक पड़ाव नहीं, बल्कि बचपन की पहली उड़ान का उत्सव है। आज हमारे ये नन्हें विद्यार्थी एक कक्षा से आगे बढ़कर ज्ञान की नई दुनिया की ओर कदम रख रहे हैं। इन मासूम चेहरों पर आज जो आत्मविश्वास की चमक दिखाई दे रही है, उसके पीछे हमारे समर्पित शिक्षिकाओं का अथक परिश्रम, धैर्य और असीम प्रेम छिपा है। मैं विद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षकगणों का आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर विद्यालय के अभिभावक एवं नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किंडरगार्टन के विद्यार्थियों ने ग्रेजुएशन गाउन और कैप पहनकर आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बच्चों की मासूम मुस्कान और उनके आत्मविश्वास ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा आयोजित इस सुंदर समारोह की भूरि-भूरि प्रशंसा की और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय के प्रयासों को सराहा। समारोह का समापन श्रीमती अलविना कांडोथ एवं सुश्री अवनीत कौर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया और कहा गया कि यह ग्रेजुएशन डे बच्चों के जीवन की एक यादगार शुरूआत बनकर हमेशा स्मरणीय रहेगा।

